तेरी एक निगाह पर मैं वारि वारि जाऊं भजन लिरिक्स

तेरी एक निगाह पर,
मैं वारि वारि जाऊं।

दोहा – हीरे मोती मैं ना चाहुँ,
मैं तो चाहूँ संगम तेरा,
मैं तो तेरी कन्हैया तू है मेरा।

कन्हैया सांवरिया,
तेरी एक निगाह पर,
मैं वारि वारि जाऊं,
नैनो की भूल भुलैया में,
कहीं मैं ना गम हो जाऊं,
तेरे नाम में खो जाऊं,
कन्हैया सांवरिया।bd।

तर्ज – सैयां (कैलाश खेर)।

करुणा निधान प्यारे,
करुणा दिखाओ,
ओ हारे के सहारे,
गले से लगाओ,
तुम्हे मन की बात अपने,
खुल कर है आज बताना,
एक तेरा आसरा है,
ये दुश्मन है ज़माना,
मुझे हाल ए दिल कन्हैया,
है तुमको सुनाना,
कन्हैया सांवरिया।bd।

तुमसे भला छुपा है,
क्या मेरा फ़साना,
तेरे दर सिवा ना कोई,
दूजा ठिकाना,
मैंने कभी ना माँगा,
बिन मांगे सब दे डाला,
मैं था भिखारी दर का,
तूने शीश पर बिठाया।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरे प्रेम से बड़ा ना,
कोई खज़ाना,
कन्हैया सांवरिया।bd।

कन्हैया सांवरिया,
तेरी एक निगाह पे,
मैं वारि वारि जाऊं,
नैनो की भूल भुलैया में,
कहीं मैं ना गम हो जाऊं,
तेरे नाम में खो जाऊं,
कन्हैया सांवरिया।bd।

Singer – Vaishali Raikwar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com